NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th
Subject : Hindi
Chapter : 10
Chapter Name : हम घरती के लाल

Q1 कविता से
नीचे लिखी पंक्तियाँ पढ़कर उत्तर दो ।
क) " नया संसार बसाएँगे , नया इंसान बनाएँगे ।"
तुम्हारे विचार से नया संसार बसाने और नया इंसान
बनाने की जरूरत है-या नहीं ? कारण भी बताओ।

ख) "रोज त्योहार मनाँएगें ।"
तुम्हारे विचार से क्या रोज़ त्योहार मनाना उचित है? क्यों ?

ग) "सौ सौ स्वर्ग उतर आएँगे, सूरज सोना बरसाएँगे।
दूध पूत के लिए बदल देंगे तारों की चाल"
क्या ऊपर लिखी बातें संभव हो सकती हैं? कारण भी पता करो ?

घ) कवि 'हम धरती के लाल 'ही क्यों कहना चाहते हैं ?

Answer.
क) आज के समय में लोग भाईचारा, दयालुता, और इंसानियत भुल चुके है। इसे फिर से उजागर करने के लिए लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए ,हमारे विचार से नया संसार बसाने और नया इंसान बनाने की बेहद जरूरत है।

ख) कवि चारों तरफ खुशहाली और त्योहार जैसा माहौल चाहता है। यहाँ सब खुश नजर आए, सब मिल जुल कर रहे। कवि का तात्पर्य रोज- रोज त्योहार बनाने से यदि ऐसा है तो रोज त्योहार मनाना उचित है।

ग) ऊपर लिखी बात संभव हो सकती है, यदि संसार में भाईचारा और प्रेम का माहौल हो। दुःख सुःख में सब साथ हो और सब एक दूसरे की सहायता करें। यह तब संभव है जब हमें अपने अंदर का अंहकार को मारना है। और लोगों के सुख -दुःख को आपस में मिलकर बाँटना है।

घ) कवि चाहते है कि हम धरती के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को निभाए। धरती के लाल से अर्थ है वह बहादुर मनुष्य जो धरती माँ की रक्षा कर सके। कवि मनुष्य और धरती के सम्बन्ध स्थापित करने के लिए हमें 'धरती के लाल' कहना चाहते हैं।

Page : 58 , Block Name : कविता से

Q2 वाक्य बनाओं
'सुख- सपनों के स्वर गूँजेंगे।
इसमें 'स' अक्षर बार -बार आया है।

तुम भी नीचे लिखे वर्णों से वाक्य बनाओ। ध्यान रखो कि उस वर्ण से शुरु होने वाले तीन शब्द तुम्हारे वाक्य में हों।
क) क …………..

ख) त……………

ग) द……………..

Answer.

क) कल कल करते झरने
ख) तुम्हारी तबियत कब तक ठीक होगी ?
ग) दहक दहक दहकती आग

Page : 58 , Block Name : अभ्यास

Q3 शब्द -सज्जा
क) 'हम नया भूगोल बनाएँगे'।
ऊपर लिखी पंक्ति में 'भूगोल' शब्द की जगह और कौन- कौन से शब्द आ सकते हैं ? नीचे दिए गए बॉक्स में से छाँटो और कुछ शब्द स्वयं सोचकर लिखे।
संसार, कल्पना, इंसान, पौधा, चेतना, ज़माना ,दुनिया, इतिहास,

ख) नीचे लिखे शब्दों को तुम्हारे घर की भाषा में क्या कहते हैं ?

क) देश ………

ख) धरती……….

ग) दूध………..

घ) जनता …………

ड़) त्योहार …………

च) इंसान……………

Answer.

क) संसार,इतिहास,इंसान,दुनिया,राष्ट्र,विश्व।
ख)

क) जनता

ख) भूमि

ग) दूध

घ) लोग

ड़) पर्व

च) मुनष्य

Page : 58 , Block Name : अभ्यास

Q4 सोचों और बताओं।
क) कवि एक नया संसार बसाना चाहता है जहाँ मानव की मेहनत पूजी जाए, जहाँ जनता में एकता दो, जहाँ सब समान हो, जहाँ सभी सुखी हों। तुम्हें अपने संसार में ऊपर लिखी बातें नजर आती हैं या नहीं ? इन बातों के होने या न होने का क्या कारण है?

ख) तुम भी अपने संसार के बारे में कल्पनाएँ ज़रूर करते होंगे। अपने सपनों की दुनिया। के बारे में बताओ।

Answer.
क) हमें अपने संसार में ऊपर लिखी बातें नजर नहीं आती क्योंकि आदमी स्वार्थी हो गया है। वह केवल और केवल अपने बारे में सोचता है और इसलिए यहाँ किसी की मेहनत को नहीं, उसकी पहचान को पूजा जाता है। सब उगते सूरज को सलाम करते है, इसी कारण सभी दुःखी है।

ख) मैं ऐसे संसार की कल्पना करता हूँ जहाँ हर तरफ प्यार ही प्यार हो, जहाँ कोई किसी का दुश्मन न हो। सभी मिल-जुल कर रहें। हर तरफ खुशहाली हो। जहाँ सभी एक दूसरे के बारे में सोचे, एक- दूसरे का कल्याण अपना कल्याण समझें और सबके मन में दया भावना हो।

Page : 58 , Block Name : अभ्यास

Q5 कैसे ?
बताओ तुम ये काम कैसे करोगे ? शिक्षक से भी सहायता लो।
क) समय को राह दिखाना
ख) जनता को एक करना
ग) तारों की चाल बदल देना
घ) नया भूगोल बनाना
ड) नया इंसान बनाना

Answer.
क) हम समय को महत्व देते हुए आने वाले वक्त की योजना बना सकते है। हम अपने कामों की समय सारणी बनाकर तय वक्त में उस काम को खत्म कर सकते हैं। जहाँ लोगों का समय खराब न हो और वे सभी समय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके।

ख) मैं जनता को एक करने के लिए लड़ाई- झगड़े की बुराईयां बताऊगों और उनमें एकता और भाईचारे और दयालुता की भावना भरने की कोशिश करूँगा।

ग) हम अपनी मेहनत से अपनी किस्मत बदलकर और लोगों के अंदर से अंधविश्वास को खत्म करते हुए तारों की चाल बदल सकते है अर्थात उन्हें रूढ़ियो से बाहर निकाल सकते है।

घ) मैं समाज से बुराईयां जैसे अंधविश्वास, रूढ़िवादियां,आपसी बैर भाव आदि मिटा कर उसका भूगोल बदल दूगाँ।

ड) मैं इंसान के अंदर से बैर भावना की मैल दूर करके, दूसरों के प्रति दयालुता भर कर, उसकी बुरी आदतों को दूर करके उसे साफ-सुथरा इंसान बनाकर नया इंसान बना दूंगा।

Page : 58 , Block Name : अभ्यास

Q6 यह भी करो
ऐसी ही एक और कविता खोज कर अपनी कॉपी में लिखो। तुम स्वंय भी कविता की रचना कर सकते हो।

Answer. छात्र स्वंय करे

Page : 58 , Block Name : यह भी करो